# M.A. (PART – I)

## -: HINDI :-

## Modern Prose)

**(Paper – I) (June-2019)**

**अवधि- 3 घंटे** **पूर्णांक- 100**

**सूचना-** 1. पहला एवं आठवाँ प्रश्न अनिवार्य है।

2. शेष प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

**प्रश्न-**1.निम्नलिखित अवतरणों में से किन्हीं चार की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए - 40

क) अधिकार सुख कितना मादक और सारहीन होता है। अपने को नियामक और कर्ता समझने की बलवती स्पृहा उससे बेगार कराती है।

ख) पिछले एक वर्ष में मैं तीन बार छटपटाता हुआ तुम्हारे प्रासाद के बाहर आया हूँ। एक ओर घोड़ों के लिए भटकन, दूसरी ओर ईर्ष्या की दहकती आग। मैं कभी घोड़ों की खोज में जाता, कभी भागता हुआ यहाँ लौट आता। क्या मैं सुखी था? मैंने यह समय तिल-तिल कर काटा है।

ग) मैं तो केवल इतना जानता हूँ, हम या तो साम्यवादी हैं या नहीं हैं। हैं तो उसका व्यवहार करें, नहीं हैं, तो बकना छोड़ दें। मैं नकली जिंदगी का विरोधी हूँ।

घ) दरअसल मूवमेंट का टैंपो बनाए रखना हमेशा संभव नहीं रह पाता। क्राइम मूड की तरह रिवोल्ट का भी मूड होता है। कुछ हम चूके, कुछ जन सहयोग का अभाव...और! यह तो कहिए यहाँ की जमीन उर्वर है, थोड़ी बहुत पैदावार हो ही जाती है, वरना जाने क्या होता !

ङ) यौवन सिर्फ काले बालों का नाम नहीं है। यौवन नवीन भाव, नवीन विचार ग्रहण करने की तत्परता का नाम है, यौवन लीक से बचकर निकलने की इच्छा का नाम है और सबसे ऊपर, बेहिचक बेवकूफी करने का नाम यौवन है।

च) सरकार ने बहादुर का खिताब दिया है, लायलपुर में जमीन दी है, आज नमक-हलाली का मौका आया है। पर सरकार ने हम तीमियों की घघरिया पलटन क्यों न बना दी, जो मैं भी सूबेदार जी के साथ चली जाती?

प्रश्न-2. स्कंद गुप्त के चरित्र की विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए। (10)

प्रश्न-3. 'माधवी नारी शोषण की कथा है।' इस कथन की समीक्षा कीजिए। (10)

प्रश्न-4. 'गोदान का होरी भारतीय किसान का प्रतिनिधि चरित्र है।'इस कथन का विवेचन कीजिए।(10)

प्रश्न-5. 'जंगल जहां शुरू होता है' का प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए। (10)

प्रश्न-6. 'उसने कहा था' के लहना सिंह की चारित्रिक विशेषताएँ बताइए। (10)

प्रश्न-7. 'निंदा रस' में व्यक्त व्यंग्य पर प्रकाश डालिए। (10)



86D0CC42D96BF93B0FBEE2A61D64CA87

प्रश्न-8.(अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए - (10)

i) स्कंदगुप्त नाटक में कितने अंक हैं?

ii) गालव किसका शिष्य था ?

iii) माधवी किसकी पुत्री है ?

iv) सोना अपने होने वाले पति के पास दहेज़ न लेने का सन्देश किसके माध्यम से भेजती है ?

v) मिस मालती किससे प्रेम करती हैं ?

vi) 'जंगल जहां शुरू होता है' उपन्यास में किस जनजाति का वर्णन है?

vii) 'जंगल जहां शुरू होता है' के पात्र कुमार किस पद पर कार्यरत थे?

viii) निंदा का उद्‌गम किस से होता है?

ix) सेठ रूपा राम अपनी पुत्री लक्ष्मी की शादी क्यों नहीं करता है?

x) सूबेदारनी ने लहना सिंह से क्या कहा था ?

प्रश्न-8. (आ) उचित विकल्प चुन कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (10)

क) बंधु वर्मा कौन था ?

अ) मालव का राजा आ) लिच्छवि का राजा इ) मारवाड़ का राजा ई) दिल्ली का राजा

ख) गालव कितनी विद्याओं में पारंगत हुआ था ?

अ) दस आ) बारह इ) सोलह ई) चौबीस

ग) हर्यश्च कहां का राजा था?

अ) प्रयाग आ) काशी इ) अयोध्या ई) दिल्ली

घ) माधवी काशी के किस राजा के पास जाती है?

अ) हर्यश्च आ) दिवोदास इ) ययाति ई) इनमें से कोई नहीं

ङ) गोदान उपन्यास कब प्रकाशित हुआ ?

अ) 1928 आ) 1932 इ) 1936 ई) 1942

च) होरी ने किससे गाय खरीदी थी ?

अ) मातादीन से आ) रायसाहब से इ) भोला से ई) नोखे राम से

छ) 'जंगल जहां शुरू होता है' उपन्यास में किसके उन्मूलन का अभियान चलता है?

अ) कालाबाजारी आ) भ्रष्टाचार इ) डाकू-समस्या ई) शिक्षा-समस्या

ज) 'राजनीत का बंटवारा' व्यंग के भैया जी किस राजनीतिक पार्टी के सदस्य हैं ?

अ) कांग्रेस आ) जनसंघ इ) कम्युनिस्ट ई) समाजवादी

झ) पन्ना देवी की रक्षा करने की प्रतिज्ञा कौन करता है ?

अ) बोधा सिंह आ) कर्म सिंह इ) ननकू सिंह ई) बहादुर सिंह

ञ) गुंडा कहानी के लेखक का नाम लिखिए

अ) यशपाल आ) जयशंकर प्रसाद इ) राजेंद्र यादव ई) प्रेमचंद

---



86D0CC42D96BF93B0FBEE2A61D64CA87

Subject Code: 93922 / Hindi - Paper III- History of Hindi Literaure.

**समय ३ घण्टे** **पूर्णांक १००**

**सूचना - १) प्रश्न क्रमांक १ से ७ प्रश्नों में से ५ प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**
**२) प्रश्न क्रमांक ८ अनिवार्य है।**

प्रश्न १. हिन्दी साहित्येतिहास का काल विभाजन करते हुए उसके नामकरण पर प्रकाश डालिए। (१६)
प्रश्न २. सिद्ध साहित्य का सामान्य परिचय देते हुए उसकी साहित्यिक विशेषताएँ लिखिए। (१६)
प्रश्न ३. सूफी काव्य की सामान्य विशेषताएँ बताइए। (१६)
प्रश्न ४. कृष्ण काव्य की प्रवृत्तियाँ स्पष्ट कीजिए। (१६)
प्रश्न ५. रीतिमुक्त काव्य की प्रवृत्तियों को सोदाहरण लिखिए। (१६)
प्रश्न ६. प्रयोगवाद का अर्थ समझाते हुए, प्रयोगवादी काव्य की विशेषताएँ बताइए। (१६)
प्रश्न ७. प्रेमचंदोत्तर हिन्दी उपन्यास का प्रवृत्तिगत विकास लिखिए। (१६)

**प्रश्न ८अ. किसी एक विषय पर टिप्पणी लिखिए।** **(१०)**
क. नाथ साहित्य
ख. तुलसीदास के राम
ग. प्रसादोत्तर हिन्दी नाटक।

**आ. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के एक वाक्य में उत्तर लिखिए।** **(०५)**
च. आदिकाल को चारणकाल नाम किसने दिया?
छ. गोरखनाथ के गुरू कौन थे?
ज. विनय पत्रिका के रचनाकार कौन हैं?
झ. बिहारी के आश्रयदाता कौन थे?
ञ. 'आषाढ़ का एक दिन' नाटक के रचनाकार का क्या नाम क्या है?

**इ. सही विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए** **(०५)**
ट. रामचंद्रिका के रचनाकार कौन हैं?
क. देव ख. पद्माकर
ग. केशव घ. रसनिधि
ठ. गोस्वामी तुलसीदास के बचपन का नाम क्या था?
क. रामदास ख. रामबोला
ग. रामशरण घ. रामकिंकर
ड. रीतिकाल को इस नाम से भी जाना जाता है-
क. पूर्व मध्यकाल ख. उत्तर मध्यकाल
ग. पूर्वोत्तर मध्यकाल घ. मध्यकाल
ढ. 'अरुण यह मधुमय देश हमारा' किस कवि का गीत है?
क. जयशंकर प्रसाद ख. निराला
ग. मुकुटधर पाण्डेय घ. माखनलाल चतुर्वेदी
ण. 'राग दरबारी' के रचनाकार का नाम बताइए-
क. अमृत राय ख. मोहन राकेश
ग. श्रीलाल शुक्ल घ. भीष्म साहनी

---



6BAA92287BB783ABBF9F4A5C6A43454E

Code: 93963 / Hindi Paper V:- Old and Mdieval Poetry

**Q.P. Code: 40432**

**...हला एवं आठवाँ प्रश्न अनिवार्य है|**
**२.शेष प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर लिखिए|**

**अवधि : ३ घंटे** **पूर्णांक – १००**

**प्रश्न १ निम्नलिखित अवतरणों में से किन्हीं चार की संदर्भसहित व्याख्या कीजिए :** ४०

क. गोरस बिरस बासी बिसेखल छिकहु छाड़ब गेह|
मुरलि धुनि सुनि मो मन मोहल बिकह भेल संदेह||

ख. राम कह्या दुनिया गति पावै खांड कह्या मुख मीठा|
पावक कह्या पाव जे दाझै जल कहि त्रिषा बुझाई||

ग. चकई निसि बिछुरै दिन मिला| हौं निसिवासर बिरह कोकिला||
रैनि अकेलि साथ नहिं सखी| कैसे जिऔ बिछोही पँखी||

घ. अपने नहिं पठवत नंदनंदन हमरेउ फेरि धरे|
कै वै स्याम सिखाय समोधे कै वै बीच मरे||

ड. जो न तरै भव सागर नर समाज अस पाइ|
सो कृत निंदक मंदमति आत्माहन गति जाइ||

च. स्वारथ सुकृत न स्रम वृथा देखु बिहंग विचारि|
बाज पराये पानि परि, तू पंछीहि न मारि||

प्रश्न २ विद्यापति और सूरदास की राधा की तुलनात्मक समीक्षा कीजिए| १०

प्रश्न ३ कबीर की क्रांतिचेतना सोदाहरण स्पष्ट कीजिए| १०

प्रश्न ४ पद्मावत की शिल्पगत समीक्षा कीजिए| १०

प्रश्न ५ गोपियों की व्यंजनाशक्ति का सोदाहरण परिचय दीजिए| १०

प्रश्न ६ रामचरितमानस का सांस्कृतिक अवदान स्पष्ट कीजिए| १०

प्रश्न ७ बिहारी के भाषिक सौंदर्य का सोदाहरण परिचय दीजिए| १०

**प्रश्न ८ (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए|** **१०**

ट. "जहँ जहँ पग जुग धरई| तहिं तहिं सरोरुह झरई" में 'सरोरुह' क्या है?
ठ. कबीर साहित्य में 'सुरति' का अर्थ क्या है?
ड. कबीर के अनुसार कैसी समाधि भली है?
ढ. 'चकई बिछुरि पुकारै कहाँ मिलहु हो नांह' पद्मावत के किस खंड की पंक्ति है?
ण. 'हारिल भई पंथ मैं सेवा' में हारिल क्या है?
त. गोपियों के उर में कृष्ण का कौन सा रूप गड़ा है?
थ. 'हारिल की लकरी' की तुलना किसके की गई है?



6BAA92287BB783ABBF9F4A5C6AD46215

द. रावण वध के पश्चात रामचंद्र किस कांड में अयोध्या लौटते हैं?

ध. बिहारी सतसई में दोहा के अतिरिक्त और कौन सा छंद प्रयुक्त हुआ है?

न. "बतरस लालच लाल की" दोहे में किस रस की व्यंजना है?

**(आ) निम्नलिखित प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर एक वाक्य में उत्तर लिखिए|** **१०**

प. "पथ-गति पेखल मो राधा" में पेखल का अर्थ है?

i) परीक्षा ii) प्रमाण

iii) देखना iv) सुनना

फ. कबीर साहित्य में घट का अर्थ नहीं है?

i) शरीर ii) घड़ा

iii) दुनियाँ iv) काल

ब. कबीर साहित्य में नहीं है?

i) उलट बासियाँ ii) रहस्यवाद

iii) हठयोग iv) पंच मकार

भ. पद्मावत में कितनी अर्ध्दालियों के बाद दोहा आता है?

i) ६ ii) ७

iii) ८ iv) ९

म. मानसरोदक खंड के पहले कौन सा खंड आता है?

i) जन्म खंड ii) सिंहलदीप वर्णन खंड

iii) सुआ खंड iv) बीनजटा खंड

य. "बिन गोपाल बैरनि भई कुंजै" में कौन सा रस है?

i) संयोग शृंगार ii) करुण रस

iii) वात्सल्य iv) विप्रलंभ शृंगार

र. 'धुर ही तें खोटो खायो है' में धुर का अर्थ क्या है ?

i) धूल ii) धूप

iii) आरंभ iv) अंत

ल. उत्तरकांड से पहले कौन सा कांड है?

i) लंकाकांड ii) सुंदरकांड

iii) किष्किंधाकांड v) अरण्यकांड

व. 'जगत तपोवन सो कियो' दोहे में किस ऋतु का वर्णन है?

i) वसंत ii) ग्रीष्म

iii) शिशिर iv) हेमंत

श. 'दृग उरझत टूटत कुटुम जुरत चतुर चित प्रीति' में कौन सा अलंकार है|

i) असंगति ii) वीप्सा

iii) विभावना iv) रूपक

*****************



6BAA92287BB783ABBF9F4A5C6AD46215

**M.A. (PART – I)**
**-: HINDI :-**
***Functional Hindi***
**(Paper – VII) (June-2019)**



समय : तीन घंटे　　　　　　　　　　　　　　　　　　अंक : १००

सूचना : १) आठवा प्रश्न अनिवार्य है|
　　２) शेष प्रश्नों में से किसी पांच प्रश्नों के उत्तर लिखिए|

१) प्रयोजनमूलक हिंदी की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए उसके विविध क्षेत्रों पर प्रकाश डालिए| (१६)

२) राजभाषा और राष्ट्र भाषा के अंतर को स्पष्ट कीजिए| (१६)

३) सूचना प्रोद्योगिकी में हिंदी के बढते हुए महत्व को विशद कीजिए| (१६)

४) विदेशों में हिंदी पत्रकारिता के स्वरूप की चर्चा कीजिए| (१६)

५) विज्ञापन की परिभाषा को स्पष्ट करते हुए उसके स्वरूप का विवेचन कीजिए| (१६)

६) अनुवाद की परिभाषा देते हुए उसके प्रभेदों को अंकित कीजिए| (१६)

७) संवैधानिक स्तर पर राजभाषा हिंदी की समस्याओं को स्पष्ट कीजिए| (१६)

८. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **पांच से दस वाक्यों** में लिखिए| (१०)

१) सर्जनात्मक भाषा
२) राजभाषा
३) रेडियो
४) विज्ञापन और कानून
५) अनुवाद का महत्व

ब) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक वाक्य** में दीजिए| (१०)

१) डॉ. भोलानाथ तिवारी जी के अनुसार प्रयोजन मूलक भाषा के कितने रूप हैं|
२) राजभाषा संसदीय समिति का गठन कब किया गया ?
३) महावीर प्रसाद द्विवेदी किस वर्ष 'सरस्वती' पत्रिका के संपादक बने ?
४) फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना किसने की ?
५) भारत सरकार ने सन १९७५ में 'ऑल इंडिया रेडियो' का नाम बदलकर क्या रखा ?
६) विज्ञापन किसके बीच सेतु का काम करता है ?
७) भारत में रेडियो का पहला प्रसारण कब से आरम्भ हुआ ?
८) किस अनुच्छेद के अनुसार हिंदी को राजभाषा का दर्जा दिया गया है ?
९) हिंदी का पहला समाचार पत्र कौन सा है ?
१०) वैश्विक माध्यम के रूप में किसे देखा जाता है ?

********